**Regarding need to start operation of flights from Chiyanki Airport in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand and take measures for expansion of the airport- laid**

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट क्षेत्रीय संपर्क योजना (RCS) अंतर्गत उड़ान योजना में सम्मिलित किया गया है । परंतु राज्य सरकार की उदासीनता के कारण एयरलाइंस का परिचालन प्रारंभ नहीं हो पा रहा है । विदित है कि डालटनगंज से रांची - कलकता - राची - डालटनगंज एवं डालटनगंज पटना - वाराणसी - पटना - डालटनगंज के मार्गों के लिए बोलियां आमंत्रित की गयी थी, परंतु कोई Airline चियांकी एयरपोर्ट की Technical Bidding में भाग नहीं लीं क्योकि चियांकी एयरपोर्ट की चाहरदीवारी सुरक्षित होने के संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ था । अब यह प्रतिवेदन प्राप्त हो चुका है और चाहरदीवारी सुरक्षित है । परन्तु राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में अन्य वांछित कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे पलामू एवं आस-पास के जिले के निवासियों को हवाई यात्रा की सुविधा नहीं मिल पा रही है । यदि हवाई यात्रा की सुविधा डालटनगंज से रांची-कलकता-रांची-डालटनगंज एवं डालटनगंज -पटना - वाराणसी -पटना - डालटनगंज तक की प्राप्त हो जाती है तो इस क्षेत्र को औद्योगिकृत करने में बहुत बड़ी सहायता मिलेगी । नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार से मांग करता हूॅ कि मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट के विस्तार एवं एयरलाइंस का परिचालन प्रारंभ कराने की कृपा की जाय ।